तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री


हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 5 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 तहसील साजा में 751.75 लाख की लागत से बनेगा नवीन व्यवहार ...



12 वेयर हाउस सहित कंट्रोलरूम में सालों से ...



## खबर संक्षेप

### बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष विजय सहित पार्षदों का शपथ ग्रहण आज



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय की नगर पालिका के निर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण आज 5 मार्च मंडी प्रांगण में आयोजित किया गया है। शपथ ग्रहण समारोह में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश साहू अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। मंडी प्रांगण में आयोजित समारोह की व्यापक तैयारी की गई है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित 13 पार्षद चुनकर आए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में नगर पालिका चुनाव प्रभारी पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, भाजपा के प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, किसान नेता योगेश तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, मोंटी साहू मंडल अध्यक्ष, चुनाव संचालक हर्षवर्धन तिवारी जिले के नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष पार्षदगण, भाजपा के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी नगर के गण्यमान नागरिक समाज प्रमुख सहित व्यापक स्तर पर शहरवासियों को आमंत्रित किया गया है।

### जलाशय और शिवनाथ नदी से अवैध जल दोहन पर कार्रवाई, कई पंप जब्त



**बेमेतरा।** जल संसाधन विभाग ने शिवनाथ नदी और जलाशयों से अवैध रूप से पानी खींचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए कई पंप जब्त किए। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग चंद्रशेखर शिवहरे के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के तहत जल दोहन करने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी गई है। शिवहरे ने समझाइश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में जलस्तर गिरने से कई क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा सकता है। उन्होंने किसानों और जल उपयोगकर्ताओं से अपील की कि वे रवि धान जैसी जल-गहन फसलों के बजाय कम पानी की फसलें उगाएं। इससे पीने और दैनिक जरूरतों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। जल संसाधन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार की निगरानी आगे भी जारी रहेगी। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से सहयोग करने और जल संरक्षण में भागीदारी निभाने की अपील की है। अवैध जल दोहन पर सख्ती से रोक लगाने के लिए निगरानी दलों को सक्रिय किया गया है, ताकि जल संकट को टाला जा सके।

### मंगलवार को हुई जिले की सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया

# जिले की 4 में से 3 जनपद पंचायतों में भाजपा का कब्जा, बेरला में क्रॉस वोटिंग से कांग्रेस का अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले की चार जनपद पंचायत बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा में 4 मार्च को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इसके तहत तीन जनपद पंचायत साजा, नवागढ़ और बेमेतरा में भाजपा समर्थित सदस्य ने अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया, वहीं एक जनपद पंचायत बेरला में कांग्रेस ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। वहीं, बेमेतरा जनपद में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुआ। जनपद पंचायत चुनाव में खास बात यह रही कि अपने विधानसभा क्षेत्र नवागढ़ में मंत्री दयालदास बघेल समर्थक जनपद पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पदों में निर्विरोध निर्वाचित कराने पर सफल रहे, कांग्रेस का कोई प्रत्याशी मैदान मौजूद नहीं था। इसी तरह मंत्री बघेल ने बेमेतरा जनपद पंचायत में अध्यक्ष पद भी भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद निर्विरोध निर्वाचित करने में कामयाब हुए, परंतु उपाध्यक्ष में कांटे की टक्कर रही और कांग्रेस समर्थित मिथिलेश वर्मा निर्वाचित हुए। साजा जनपद में भाजपा ने दोनों पदों पर कब्जा करते हुए जनपद से कांग्रेस को बेदखल कर दिया। बता दें कि यहां एक दशक से ज्यादा समय तक कांग्रेस का कब्जा रहा था।

मंगलवार को हुए जनपद पंचायत नवागढ़ में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में क्षेत्र ▶▶| शेष पेज 13 पर

### नवागढ़ जनपद में कांग्रेस ने नहीं उतारे उम्मीदवार दोनों पदों पर भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित









**एक नजर**

- साजा - जितेन्द्र साहू बने अध्यक्ष
- नवागढ़ - खोरबहरा साहू अध्यक्ष
- बेमेतरा - हेमा दिवाकर
- बेरला - माधुरी रवि परगनिहा

### बेमेतरा जनपद में अध्यक्ष पद पर भाजपा निर्विरोध उपाध्यक्ष के लिए भाग्य ने कांग्रेस का दिया साथ

जनपद पंचायत बेमेतरा में एससी आरक्षित होने एवं कांग्रेस के पास इस वर्ग का निर्वाचित प्रत्याशी नहीं होना बताया जा रहा है जिसके कारण मंत्री दयाल दास बघेल समर्थक एवं भाजपा समर्थित प्रत्याशी हेमा दिवाकर निर्विरोध निर्वाचित हो हुईं। लेकिन, उपाध्यक्ष में दोनों दलों ने अपने-अपने समर्थित प्रत्याशियों को मैदान में उतर जिसमें कांटे की टक्कर रही 23 सदस्यों वाली जनपद पंचायत बेमेतरा में भाजपा समर्थित प्रत्याशी मनोज चंदेल 11 वोट पाए ओर कांग्रेस समर्थित मिथिलेश वर्मा को भी 11 मत मिला ओर एक मत निरस्त हो गया। दोनों प्रत्याशियों को बराबर मत मिलने से टास की प्रक्रिया अपनाई गई जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी मिथिलेश वर्मा भाग्यशाली रहे और उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

### साजा जनपद के 60 वर्षों के इतिहास में पहली बार भाजपा

साजा जनपद पंचायत के इतिहास में पहली बार भाजपा ने अध्यक्ष पद पर अपना कब्जा जमाया है। साजा क्षेत्र के बेलगांव निवासी व भाजपा समर्थित युवा सदस्य जितेन्द्र साहू ने 15 वोट पाकर कांग्रेस समर्थित भैसामुडा गाँव निवासी जानकी प्रह्लाद वर्मा 05 मतों से हराया। बताया जा रहा है कि यह बीजेपी प्रत्याशी की जीत करीब कई दशक के बाद मिली है। वहीं, जनपद अध्यक्ष के रूप में साहू समाज को पहली बार प्रतिनिधित्व का मौका मिला है। वहीं उपाध्यक्ष की सीट पर भाजपा अधिकृत नारद पटेल ने कुल 25 में से 16 मत पाकर जीत हासिल की। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### बेरला में क्रॉस वोटिंग जनपद पर कांग्रेस का दोनों पदों पर कब्जा

कांग्रेस ने बेरला जनपद की अध्यक्ष व उपाध्यक्ष दोनों पदों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही। जहाँ अध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस अधिकृत उम्मीदवार माधुरी रवि परगनिहा तारालीम ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी सरोज यादव आनन्दगाँव को 05 मतों के अन्तर से हराया। जनपद पंचायत बेरला की कुल 25 सदस्यों में मधुरी रवि परगनिहा को 15 एवं सरोज यादव को 10 वोट मिला। जबकि उपाध्यक्ष निर्वाचन में कांग्रेस समर्थित शुभम वर्मा(बारगाँव) ने गौकरण साहू(झलमला) को महज 01 वोट से हराया। दोनों उम्मीदवार के बीच मतों का विभाजन क्रमश 13 व 12 रहा। साजा जनपद पंचायत में साजा क्षेत्र के बेलगांव निवासी व भाजपा समर्थित युवा सदस्य जितेन्द्र साहू ने 15 वोट पाकर कांग्रेस समर्थित भैसामुडा गाँव निवासी जानकी प्रह्लाद वर्मा 05 मतों से हराया। वहीं उपाध्यक्ष की सीट पर भाजपा अधिकृत नारद पटेल ने कुल 25 में से 16 मत पाकर जीत हासिल की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस समर्थित खैरझिटी वाले डाकवर पटेल को करीब 03 मतो से हराया।

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना हुआ दिव्यांग बच्चों का दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 5 व 6 मार्च को स्व. बीआर यादव खेल परिसर बिलासपुर में होगी प्रतियोगिता

समावेशी शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बेमेतरा जिले के प्रतिभागियों को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रतियोगिता 5 व 6 मार्च को स्व. बी.आर. यादव खेल परिसर, बहतराई, सीपत रोड, बिलासपुर में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के लिए भेजे गए दल में 07 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे, 04 पालक तथा 03 बीआरपी (समावेशी शिक्षा) शामिल हैं। इस आयोजन का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की ओर अग्रसर हो सकें।

जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा बेमेतरा से आयोजित विदाई समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र वर्मा, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, समावेशी शिक्षा प्रभारी रेणुका चौबे एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों की उपस्थिति रही। अधिकारियों ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

### आम जनता और कर्मचारियों के लिए राहत का बजट है : दीपेश

**बेमेतरा।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा में पेश छत्तीसगढ़ सरकार के बजट को बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने आम जनता और सरकारी कर्मचारियों के लिए कई राहत भरी घोषणाओं का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य के विकास और जनकल्याण की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित होगा।



- वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत राज्य के बजट का बेमेतरा विधायक ने किया स्वागत

सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में 53% की बढ़ोतरी एक बड़ी राहत की घोषणा है। इससे कर्मचारियों की क्रय शक्ति में वृद्धि होगी और उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा। साथ ही, मार्च के वेतन का भुगतान बढ़े हुए डीए के साथ किया जाएगा, जो कर्मचारियों के लिए एक और सुखद खबर है। सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की पेंशन व्यवस्था को लेकर भी एक बड़ा फैसला लिया है। पेंशन फंड की स्थापना का निर्णय वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। सरकार ने इसके लिए 456 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है, जो भविष्य में पेंशनर्स की आवश्यकताओं को पूरा करने में मददगार साबित होगा। श्री साहू ने आगे कहा कि आम जनता के लिए पेट्रोल की कीमतों में 1 रुपये प्रति ▶▶| शेष पेज 13 पर

### छत्तीसगढ़ के समावेशी विकास को गति देने वाला है राज्य सरकार का बजट : शर्मा



**बेमेतरा।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने विष्णुदेव साय सरकार के बजट को लोक कल्याणकारी बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट समावेशी विकास को गति देने वाला और प्रदेश के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। हर वर्ग का ध्यान रखते हुए छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है। आर्थिक संरचना को मजबूत करने के प्रावधान से बुनियादी ढांचे और विकास योजनाओं को मजबूती मिलेगी। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री शर्मा ने कहा कि यह बजट अटल निर्माण वर्ष के अनुरूप है। राज्य को विकास पथ पर ले जाने वाले बजट में ज्ञान के जरिए गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के विकास के लक्ष्य को गति के जरिए गुड गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्रियल ग्रोथ के साथ आगे बढ़ाने की योजना झलकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने समाज के हर वर्ग को इस बजट के माध्यम से छुआ है। गांव गरीब किसान भाजपा की प्राथमिकता है।




### जिला शिक्षा अधिकारी डॉ बंजारे ने अनेक परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

# कक्षा 12वीं के 8125 में से 8045 परीक्षार्थियों ने दी अंग्रेजी की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा 12वीं में मंगलवार को अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित हुई। कक्षा 12वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले के 75 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। कक्षा 12वीं की अंग्रेजी की परीक्षा में कुल दर्ज 8125 में से 8045 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 80 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त उड़नदस्ता दल के द्वारा अनेक परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारेसरा का निरीक्षण किया गया जिसमें 169 में 168 परीक्षार्थी उपस्थित थे। खाती में 51 में 51 बनरांका में 118 में 118 तथा कन्या थानखमरिया, सरस्वती शिशु मंदिर थानखमरिया में 72 में 72 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित पाया गया। परीक्षार्थी उत्साहपूर्वक उत्तर लिखते पाया गया।जिला शिक्षा अधिकारी ने केंद्र अध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए। बच्चों के हित में प्रकाश युक्त वातावरण, शीतल पेयजल व्यवस्था, साफ सफाई जैसे आवश्यक दिशानिर्देश केंद्राध्यक्ष को दिये। बच्चों को भी सभी उत्तरों को बनाना और समय का सदुपयोग करना जैसे निर्देश दिये। शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल बनरांका कक्षा छठवीं, सातवी व आठवीं में बच्चों का यूनिट टेस्ट चल रहा था। स्कूल में चार शिक्षकों में से दो शिक्षक अशोक कुमार साहू प्रभारी प्रधान पाठक, शिवकुमारी मस्तके शिक्षक एलबी उपस्थित थे।

अन्य दो में से एक रजवा कुमार वर्मा बोर्ड परीक्षा में पर्यवेक्षक के कार्य हेतु गए थे तथा खिरामन वर्मा प्रधान पाठक 03 मार्च से 08 मार्च 2025 तक अर्जित अवकाश पर होना बताया गया। प्रभारी प्रधान पाठक अशोक कुमार साहू को शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल स्कूल का संपूर्ण प्रभार, संस्था में आए हुए नए प्रधान पाठक अविलंब संपूर्ण प्रभार देकर तत्काल जिला शिक्षा कार्यालय बेमेतरा को सूचना देने निर्देश दिया गया। साथ में जिला शिक्षा कार्यालय बेमेतरा उड़नदस्ता की टीम भी थी। जिसमें एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, युवराज सिंह बनाफर व्याख्याता, तृप्ति वर्मा, अनिल घृतलहरे थे। जिला खनिज अधिकारी बेमेतरा अर्चना ठाकुर के द्वारा परीक्षा केंद्र बावा मोहतरा, कुसमी, मोहरेंगा, बालसमुंद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सांतु लाल नेताम के द्वारा बैजलपुर, तेलईकुड़ा, जेवरा, जेवरी, कठिया रांका परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। एच डी डड़सेना के द्वारा परीक्षा केंद्र सरदा, बारगाँव, बालक बेरला, कन्या बेरला, भिभौरीं का निरीक्षण ▶▶| शेष पेज 13 पर

# जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव की तिथि बढ़ी, कांग्रेस अपने सदस्यों को सुरक्षित रखने बना रही रणनीति

## गोवा गए कांग्रेस समर्थित सदस्य लौटे, चुनाव तिथि बढ़ने के बाद फिर टूर पर निकलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी जोडतोड़ जारी है। यहां पर 16 सदस्यों के जिला पंचायत में आठ सदस्य कांग्रेस और आठ सदस्य भाजपा के जीते हैं। जिला अध्यक्ष की कुर्सी पाने दोनों दलों के लोग दावा कर रहे हैं। कांग्रेस अपने सदस्यों को टूटने से बचाने के लिए कुछ दिनों पहले गोवा टूर पर ले गई थी। पूर्व में जिला अध्यक्ष का चुनाव 5 मार्च को तय होना था। ऐसे में सभी लोग वहां से वापस आ गए हैं। कलेक्टर रायपुर ने अब जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के लिए 12 मार्च तय की है। चुनाव की नई तारीख आने के बाद कांग्रेसी अपने सदस्यों को बाहर रखने फिर से नई रणनीति बनाने में जुटे हैं। कांग्रेस अपने समर्थित सदस्यों को को एकजुट रखने के लिए अब 11 मार्च तक शहर से बाहर रखने के लिए फिर एक बार उन्हें दूसरे शहर में टूर पर ले जाने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार अचानक नई तारीख आने के बाद रणनीति में फिर से परिवर्तन किया गया है। उनका कहना है कि दो निर्दलीय चुनाव जीत कर आए हैं, वे कांग्रेस समर्थित रहे हैं। पार्टी ने उन्हें अधिकृत नहीं किया था, ऐसे में उनका साथ चुनाव में मिलने की पूरी संभावना है। इधर भाजपा ने भी अध्यक्ष पद के लिए अपना बहुमत होने का दावा किया है।

### सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित

जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष का पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है। पंचायत चुनाव के बाद जिले के लिए 16 नए जिला पंचायत सदस्यों में से अध्यक्ष चुना जाना है। ज्यादातर जिला पंचायत सदस्य पहली बार चुनाव जीते हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों का दावा है कि 16 जिला पंचायत सदस्यों में उनकी संख्या बहुमत के करीब है।

### शासन ने जारी किया पत्र

जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर के चुनाव के लिए मंगलवार को सदस्यों को प्रथम सम्मेलन की सूचना दी जाएगी। 12 मार्च को प्रथम सम्मेलन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। निर्वाचन की सूचना उसी दिन जारी की जाएगी। 17 मार्च को प्रथम सम्मेलन कराया जाए।

## आज होगा 76 जनपद अध्यक्षों का चुनाव

## 16 जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव कल, भाजपा को छह में निर्विरोध के साथ सभी में जीत का भरोसा

पंचायत चुनावों में अब मंगलवार से जनपद अध्यक्षों के साथ जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव प्रारंभ हो रहा है। पहले दिन मंगलवार को तो 76 जनपद अध्यक्षों का चुनाव होगा, इसके बाद यह क्रम 12 मार्च तक लगेगा। बुधवार को 16 जिला पंचायतों में अध्यक्ष और उपाध्यक्षों का चुनाव होना है। भाजपा को छह जिलों में अध्यक्षों के निर्विरोध चुने जाने के साथ ही सभी 16 जिलों में भाजपा के अध्यक्ष बनने का भरोसा है।

पंचायत चुनाव में नतीजों के बाद भाजपा और कांग्रेस लगातार जिला पंचायतों में जीत का दावा कर रही है। एक तरफ जहां भाजपा का सभी जिला पंचायतों में जीत का दावा है, वहीं कांग्रेस भी दो दर्जन से ज्यादा जिलों में जीत का दावा कर रही है। पंचायत चुनाव के भाजपा के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह का कहना है, पंचायत चुनाव में जिला पंचायतों के सदस्यों के चुनाव में भाजपा को 31 जिलों में बहुमत मिल गया है। ऐसे में 31 जिलों में तो भाजपा के जिलाध्यक्ष बनने तय हैं। इसी के साथ रायपुर और सुकमा में हम बराबरी पर हैं। इनमें भी हमारा प्रयास भाजपा के जिलाध्यक्ष बनाने का रहेगा।

### इन जिलों आज होगा चुनाव

जिला पंचायत के जिन 16 जिलों में बुधवार को चुनाव होना है, उनमें कोरिया, जशपुर, कोरबा, दंतेवाड़ा अनुसूचित जनजाति मुक्त है। यहां पर महिला या पुरुष कोई भी चुनाव लड़ सकता है। कोरिया में अध्यक्ष के लिए भाजपा के संभावित प्रत्याशी मोहित पैकरा हैं। सक्ती जिला अनारक्षित मुक्त, बेमेतरा अनारक्षित महिला, कांकेर, बस्तर, बीजापुर अनुसूचित जनजाति महिला, खैरागढ़ अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है। इन सभी में भाजपा को जीत का भरोसा है। सक्ती में अध्यक्ष के लिए भाजपा की संभावित प्रत्याशी विद्या सिदार, जांजगीर चांपा में सतलता मिरी हैं।

### यहां निर्विरोध जीत का भरोसा

भाजपा को छह जिलों मुंगेली (अनारक्षित मुक्त), जांजगीर चांपा और दुर्ग (अनुसूचित जाति महिला), गरियाबंद (अनुसूचित जाति मुक्त), मोहला मानपुर और नारायणपुर (अनुसूचित जनजाति मुक्त) में निर्विरोध जीत का भरोसा है।

## खबर संक्षेप

### रीजन कॉन्फ्रेंस में सभी क्लबों का किया सम्मान

**रायपुर**। राजधानी रायपुर स्थित एक होटल में रविवार को लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट की रीजन कॉन्फ्रेंस (उत्कर्ष) का आयोजन किया गया। रीजन कॉन्फ्रेंस में करीब 12 क्लबों के सदस्य शामिल हुए, जिन्हें उनके सेवा कार्यों के लिए रीजन चेयरमैन लायन संतोष गुप्ता ने सम्मानित किया। साथ ही श्री गुप्ता ने जोन चेयरपर्सन सुनील गुप्ता, संयुक्ता गांधी और पपिंदर कौर पुसरी को उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया। साथ ही आगामी प्रांतपाल विजय अग्रवाल एवं की-नोट स्पीकर त्रिलोक ने भी पिन लगाकर सम्मान प्रदान किया। सभा में सभी लायन साथियों को प्रथम बार रिपुदमन ने अपनी एसवीडीजी की पिन भेंट की। यह जानकारी लायन डॉ. निरंजन हरितवाल ने देते हुए बताया कि सभी क्लबों द्वारा किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों के पोस्टर के साथ बैनर प्रस्तुतिकरण कर वातावरण को भव्यता प्रदान की। साथ ही स्क्रैप बुक भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएमजेएफ विजय अग्रवाल, त्रिलोक बरड़िया, रिपुदमन पुसरी, शैलेश अग्रवाल, रंजना क्षेत्रपाल एवं अमरजीत दत्ता, दिवाकर अवस्थी आदि शामिल थे।

### छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों का होली मिलन 11 को

**रायपुर**। विशाल नगर स्थित आर्टिस्टिको एंटरटेनमेंट कैंपस में रविवार को छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों का होली मिलन समारोह आयोजित है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को आयोजन समिति की बैठक हुई। जहां उपस्थित सदस्यों ने निर्णय लिया कि यह कार्यक्रम 11 मार्च शाम 4 बजे से सहाय फिल्म सिटी एंड स्टूडियो ग्राम जोरा में किया जाएगा। यह आयोजन न केवल रंगों का त्योहार मनाने का अवसर होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ी फिल्मी जगत के प्रशंसकों के लिए भी एक अनूठा मौका होगा, जिसमें फिल्मी परिवारों के सभी विधाओं के सदस्य एक छत की नीचे झूमते, नाचते, गाते एवं सूखे रंगबिरंगे गुलाल व फूलों से होली खेलते नजर आएंगे। इस कार्यक्रम में मनोरंजन, संगीत और नृत्य के साथ ही साथ, लजीज व्यंजनों के साथ आनंद लिया जा सकेगा। बैठक में संतोष जैन, राजीव श्रीवास्तव, योगेश अग्रवाल, मोहित साहू, डॉ अजय सहाय, नितेंद्र सिन्हा, दिनेश साहू, अरुण बागड़े, राजू नायक, राजा बरमाल, मज्जू भाई, इमरान खान, दिलीप नामपल्लीवार आदि शामिल थे।

### चढ़ रहा पारा, बढ़ रही गर्मी, नांदगांव का तापमान 37 के पार हुआ

**रायपुर**। राजधानी समेत प्रदेश में अब दिन में गर्मी बढ़ने का दौर शुरू हो गया है। अब होने वाले किसी भी तरह के मौसमी बदलाव से गर्मी कम होने की संभावना नहीं है। सोमवार को राजनांदगांव का तापमान 37 डिग्री के पार हो गया। वहां राजधानी रायपुर में भी तेज गर्मी पड़ी। राज्य में हवा की दिशा में बदलाव होने के बाद भी तेज धूप की चुभन कम होने की संभावना अब नहीं है। मार्च की शुरुआत के साथ गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है और दोपहर बारह बजे के बाद तेज धूप में जलन का अहसास होने लगा है। सोमवार को मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही बना रहा है और राजनांदगांव की गर्मी ने रायपुर समेत अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया।

## आचार संहिता हटे एक सप्ताह बीता, फिर भी काम में तेजी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आचार संहिता हटे एक सप्ताह हो गया है। इसके बाद तहसील कार्यालयों में कामकाज भी शुरू हो गया, लेकिन प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने वाले सैकड़ों प्रकरण अभी भी अटके हुए हैं। लंबित प्रकरणों में सैकड़ों प्रकरण तो एक से दो महीने से अधिक समय से लंबित हैं। लंबे समय से नामांतरण नहीं होने के कारण अब रजिस्ट्री कराने वाले लोगों की चिंता और परेशानी बढ़ गई है। वे लगातार तहसील कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, क्योंकि तहसील कार्यालय से नामांतरण होने के बाद ही नगर निगम से नामांतरण कराना होता है, जिसमें करीब डेढ़ महीने का और वक्त लगता है। रायपुर जिले में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कारण आचार संहिता लागू रही, वहीं तहसीलदार, नायाब तहसीलदार से लेकर पटवारी तक चुनाव ड्यूटी में लगे रहे। इस कारण तहसील कार्यालयों में राजस्व संबंधित कामकाज के साथ नामांतरण का काम भी प्रभावित रहा। हालांकि नामांतरण के काम प्रभावित होने का एक और कारण पटवारियों का आंदोलन रहा। ऑनलाइन कार्य करने के लिए पटवारियों ने कम्प्यूटर सिस्टम, इंटरनेट, मोबाइल सहित अन्य सुविधाओं की मांग की गई थी। इन मांगों को शासन से मनवाने के लिए ऑनलाइन काम किया बहिष्कार किया था, जिसके कारण भी नामांतरण के काम नहीं हो पा रहे थे। पटवारियों का आंदोलन खत्म हो चुका है, वहीं आचार संहिता भी हट गई है। इसके बाद भी तहसीलों में जिस गति से काम होना चाहिए वह हो नहीं पा रहे हैं, जिसके कारण नामांतरण के भी सैकड़ों प्रकरण लंबित हैं।

■ नामांतरण के अटके सैकड़ों प्रकरण

### हर दिन औसतन 150 से 200 रजिस्ट्री हो रही

रायपुर जिले के पंजीयन कार्यालय में हर दिन औसतन 150-200 रजिस्ट्रियां होती हैं। इस तरह पिछले कुछ महीनों में हजारों रजिस्ट्रियां हुई हैं। रजिस्ट्री होने के एक-दो दिन के भीतर ही पंजीयन विभाग के पोर्टल से रजिस्ट्री के सारे दस्तावेजों को तहसीलदारों के पोर्टल पर ट्रांसफर कर दिया जाता है, जिसके बाद इन दस्तावेजों के आधार पर नामांतरण किए जाते हैं। हालांकि नामांतरण के लिए पटवारियों के डिजिटल साइन रिपोर्ट की भी जरूरत पड़ती है। सूत्रों के अनुसार अभी तक नामांतरण के ऐसे सैकड़ों प्रकरण हैं, जिनमें पटवारियों के डिजिटल साइन रिपोर्ट भी दी नहीं गई है। इस तरह तहसीलदारों एवं पटवारियों के धीमी गति से किए जा रहे कार्यों के कारण आम लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

## वेयर हाउस सहित कंट्रोलरूम में सालों से डंप जब्ती की शराब का होगा नष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी क्षेत्र में स्थित आबकारी विभाग के वेयर हाउस में बीते दिनों आग लगने की घटना में कई सालों की जब्ती बनाकर डंप की गई हजारों लीटर शराब की बोतलों के कार्टून जलकर खाक हो गए, वहीं बड़ी तादात में शराब की बोतलें भी टूट गईं। इस घटना के बाद विभाग ने अब गोदाम में डंप जब्ती की शराब को नष्टीकरण करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसके लिए विभाग ने प्रस्ताव भी बना लिया है। इस प्रस्ताव में सिविल लाइन स्थित विभाग के कंट्रोल रूम में जब्त की गई डंप शराब का नष्टीकरण किया जाएगा।

■ जिला आबकारी विभाग ने नष्टीकरण करने बनाया प्रस्ताव

जिला आबकारी विभाग के वेयरहाउस के एक गोदाम में करीब दो सप्ताह पूर्व आग लग गई थी। आग इतनी भीषण लगी थी कि इस घटना में गोदाम में डंप शराब के सभी कार्टून जलकर खाक हो गए, वहीं बड़ी तादात में बोतलें भी टूट गईं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को गोदाम में लगे लोहे के दरवाजे को काटना पड़ा था। इस घटना के कारण गोदाम में शराब की बोतलें व कांच के टुकड़े बिखरे हुए हैं, जिसके कारण अब कोई भी कर्मचारी गोदाम के अंदर जाने से भी डर रहा है। विभाग ने गोदाम की हालत को देखते हुए अब डंप शराब को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए गोदाम में कितनी मात्रा में जब्ती की शराब रखी हुई थी। इसका आंकड़ा भी तैयार कर लिया गया है। वेयरहाउस के अलावा सिविल लाइन स्थित आबकारी विभाग के कंट्रोल रूम में अभी तक जब्त कर रखी गई शराब को भी विभाग नष्ट करने की तैयारी कर रहा है।



फाइल फोटो

### 42 हजार लीटर शराब को किया जाएगा नष्ट

विभागीय अधिकारी के अनुसार वेयरहाउस और कंट्रोल में मिलाकर जब्ती की लगभग 42 हजार लीटर शराब डंप है। इसमें करीब 30 हजार लीटर से अधिक शराब वेयरहाउस और शेष शराब कंट्रोल रूम में डंप है। डंप शराब में विदेशी और देशी दोनों प्रकार की शराब हैं। वेयरहाउस में डंप शराब कई सालों पुरानी है, वहीं कंट्रोल रूम में पिछले कुछ सालों में जब्त की गई शराब है।

### जब्त की गई शराब अलग अलग राज्य व ब्रांड की

गोदामों में डंप जब्ती की शराब प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों में बिकने वाली तथा अलग-अलग ब्रांड की हैं। इसमें मध्यप्रदेश, पंजाब, आंध्रप्रदेश, हरियाणा सहित अन्य राज्य शामिल है। इन राज्यों से अवैध रूप से शराब यहां खपाने के लिए मंगाई थी। विभाग ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए इन राज्यों की शराब के साथ कई आरोपियों को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

### अनुमति मिलते ही नष्टीकरण करेंगे

वेयरहाउस में आग लगने के बाद गोदाम में जब्ती की शराब के साथ कंट्रोल रूम में रखी शराब को अब नष्टीकरण किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दोनों स्थानों पर जब्ती की लगभग 42 हजार लीटर शराब रखी गई है। नष्टीकरण नियम प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। नष्टीकरण के लिए पुलिस विभाग से माना थाना परिसर को मांगा गया है। - *रामकृष्ण मिश्रा, जिला उपायुक्त आबकारी विभाग*

### माना थाना परिसर में नष्टीकरण के लिए एसएसपी से मांगी अनुमति

विभाग की ओर से जब्ती की शराब के नष्टीकरण के लिए एसएसपी को प्रस्ताव भेजा है। इस प्रस्ताव में माना थाना परिसर में शराब को नष्ट करने के लिए अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलते ही विभाग नियम प्रक्रिया के तहत शराब को नष्ट करने की कार्यवाही करेगा। उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग द्वारा जब्ती की शराब का नष्टीकरण माना थाना परिसर में किया जाता है। माना थाना का परिसर काफी बड़ा है, जहां शराब को जमीन पर रखकर उस पर बुलडोजर चलाकर नष्ट किया जाएगा।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों को एक बार फिर से चरण पादुका दी जाएगी, 12 लाख से ज्यादा लोगों को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी ने अपने बजट भाषण में एक बार फिर से तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरण करने की घोषणा की है। वित्तमंत्री की घोषणा से राज्य के 12 लाख से ज्यादा तेंदूपत्ता संग्रहकों को इसका लाभ मिलेगा। राज्य में 70 लाख से ज्यादा तेंदूपत्ता संग्राहकों की संख्या है। पूर्ववर्ती सरकार ने वर्ष 2019 में चरण पादुका वितरण पर रोक लगा दी थी। चरण पादुका के बदले पूर्ववर्ती सरकार तेंदूपत्ता संग्राहकों को नकदी देती थी।

वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका बांटे जाने की शुरुआत की थी। इसके बाद वर्ष 2018 में कांग्रेस सत्ता में आई तो तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरण पर रोक लगा दी थी। अफसरों के अनुसार चरण पादुका वितरण करने से तेंदुपत्ता संग्रहकों को राहत मिलती है। पैरों में कांटा घुसने के अलावा कई प्रकार की सुरक्षा होती है।

### मुखिया को मिलता है चरण पादुका

तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले संग्रहणकर्ताओं की कार्ड बनता है। कार्ड में जो मुखिया होता है, उन्हीं को चरण पादुका दी जाती है। राज्य में 12 लाख के करीब तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ताओं के कार्ड बने हैं। ऐसे में 12 लाख लोगों को चरण पादुका का वितरण किया जाएगा। चरण पादुका देने तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले संग्रहणकर्ता के पैरों की नाप ली जाएगी। इसके बाद संग्रहणकर्ता को उसके पैर के नाप अनुसार चरण पादुका दी जाएगी।

# शिक्षा, कृषि और पीडब्ल्यूडी सरकार की प्राथमिकता में नहीं कांग्रेस सरकार की तुलना में 6 से 8 फीसदी की कटौती

## दिशाहीन बजट, राहत रियायत नहीं फिर भी 22 हजार 900 करोड़ के घाटे का बजट : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा, साय सरकार के दूसरे बजट में पिछले वादों को भुला दिया गया है। न 1 लाख नई सरकारी नौकरी का ज़िक्र, न अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का कोई रोडमैप, न 500 में सिलेंडर याद रहा न बेरोज़गारी भत्ता और न ही छात्रों को बस का फ्री पास। वित्तमंत्री ओपी चौधरी केवल तुकबंदी करते रहे, मोदी की पुरानी अधूरी गारंटियों पर मौन रहकर केवल झूठा यशोगान करते रहे, दूसरी सरकारों के कार्यों और योजनाओं का श्रेय खुद ही ले लिया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा, यह सरकार पूर्व में संचालित उद्योगों को भी संचालित करने में नाकाम रही है। अब नए उद्योग लगाकर रोजगार के अवसर बढ़ाने का झूठा दावा कर रही है। हकीकत यह है कि पिछले 15 महीने के भीतर 300 से अधिक राइस मिल बंद हुए हैं, 450 से ज्यादा स्पंज आयरन और रोलिंग मिल की फैक्ट्रियां बंद हुई हैं। भाजपा सरकार की उपेक्षा के कारण ही 2-2 सरकारी शक्कर कारखाने प्रदेश में बंद हो गए। यह सरकार नौकरी देने नहीं, बल्कि रोज़गार छीनने वाली सरकार है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में विश्वविद्यालयों की संख्या 4 से 25 होने में इस सरकार का कोई योगदान नहीं है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में 8 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले। सारे सरकार के दूसरे बजट को मिलाकर कुनकुरी में केवल एक नए मेडिकल कॉलेज की घोषणा हुई है। धरातल पर शून्य है।

### पंडरी से मोवा ओव्हर ब्रिज की तीसरी बार घोषणा

उन्होंने कहा, पंडरी से मोवा ओवर ब्रिज की घोषणा तीसरी बार सुनने को मिली, कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने छत्तीसगढ़ के जीडीपी को 2 लाख 70 हजार करोड़ से बढ़ाकर 5 लाख 9 हजार करोड़ तक अर्थात दुगना पहुंचाया था, जिसका श्रेय भी साय सरकार के वित्तमंत्री चौधरी खुद ही लेने से नहीं चूके। पिछले साल 27000 करोड़ से अधिक का कर्ज लेने के बाद इस बजट में फिर से लगभग 20000 करोड़ के नए कर्ज का प्रावधान भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन और अनर्थशास्त्र का प्रमाण है।

### शिक्षा के बजट में 8 प्रतिशत की काटौती

उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में शिक्षा पर कुल बजट का 19.4 प्रतिशत खर्च किया गया था, जो अब इस बजट में घटकर मात्र 12 रह गया है। कृषि के क्षेत्र में कुल बजट कांग्रेस के समय लगभग 17 प्रतिशत हुआ करता था, जो अब घटकर मात्र 10 प्रतिशत रह गया है। धान और किसान छत्तीसगढ़ की पहचान है, लेकिन भाजपा की सरकार ने कृषि पर बजट आवंटन लगभग 6 प्रतिशत घटा दिया है। लोक निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विभाग का बजट कुल बजट का मात्र 5 प्रतिशत रह गया है। इतनी कम राशि से नए निर्माण तो दूर रखरखाव भी संभव नहीं होगा। शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में 8 प्रतिशत की भारी भरकम कटौती भारतीय जनता पार्टी की बदनीयती, दुर्भावना और जन विरोधी नीतियों को प्रमाणित करता है।

## बजट सभी वर्ग के लिए कल्याणकारी : मीनल चौबे



महापौर मीनल चौबे ने प्रदेश के बजट को सराहते हुए कहा है, यह बजट समाज के सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प पूर्ण करने की दिशा में राज्य बजट सहायक सिद्ध होगा। महापौर ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने राज्य की जनता के लिए लोक कल्याणकारी सोच के साथ बजट प्रस्तुत किया है, जो कि सराहनीय है।

## छत्तीसगढ़ को महाशक्ति बनाने वाला बजट : अमित चिमनानी



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने प्रदेश की भाजपा सरकार के दूसरे पूर्ण बजट प्रस्ताव को विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने के प्रति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का उद्घोष निरूपित किया है। श्री चिमनानी ने कहा, भाजपा की प्रदेश सरकार प्रदेश की जनता से किए गए वादों को क्रांतिकारी निर्णयों के जरिए जिस तीव्र गति से पूरा कर रही है और उसके लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के प्रति गंभीरता से बजट में प्रावधान किए गए हैं, उससे यह स्पष्ट है कि प्रदेश के विकास में और तीव्रता आएगी। श्री चिमनानी ने कहा, बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश की उन्नति की नई दिशा तय करने वाला प्रयास है।

## बजट निराशाजनक संकल्प पत्र को ही झुठलाया : तिवारी

छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने राज्य सरकार के प्रस्तुत बजट को अत्यंत निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा, अपने ही संकल्प पत्र को झुठलाने वाला है। उन्होंने बताया कि संकल्प पत्र में केंद्र के समान नियत तिथि से मंहगाई भत्ता देने का उल्लेख है। वहीं बजट में अप्रैल 2025 से मंहगाई भत्ता देने की घोषणा की गई है। सरकार बाकी एरियर्स गटक गई। बजट में 250 करोड़ का कर्मचारियों के लिए पेंशन कल्याण कोष का प्रावधान किया गया है। कर्मचारियों की संख्या के अनुरूप यह भी काफी कम है।

## चैंबर ने किया बजट का स्वागत, आर्थिक विकास को गति देने वाला बजट

### चैंबर के प्रदेश कार्यालय के लिए रियायती दर पर जमीन की घोषणा अहम




प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा सोमवार को प्रस्तुत राज्य के बजट का छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने स्वागत किया है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने इस बजट को प्रदेश के आर्थिक विकास को गति देने वाला बजट बताते हुए कहा है कि बजट में महिला सशक्तिकरण गरीबों के उत्थान एवं अधोसंरचनात्मक विकास के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। साथ ही चैंबर भवन के प्रदेश कार्यालय के लिए रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। इसका छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से स्वागत करता है।

### ई-वे बिल की सीमा बढ़ाना सही निर्णय : विक्रम सिंहदेव



चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रदेश के वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में राज्य सरकार ने ई-वे बिल की सीमा को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय स्वागतयोग्य है। इसी तरह उद्योगों को सब्सिडी निपटारे के लिए 1420 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार के क्षेत्र में लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट और व्यापारिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी बजट में प्रावधान किया जाना सराहनीय है।

## माना बस्ती के पंच सरपंच ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्राम पंचायत माना बस्ती में सोमवार को सरपंच-पंच का प्रथम सम्मेलन हुआ, जिसमें नवनिर्वाचित सरपंच सुनीता लेखू बैस ने पदभार ग्रहण किया, साथ ही सभी पंच ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित होने के पूर्व सभी नवनिर्वाचित पंचायत पदाधिकारी की उपस्थिति में पंचायत भवन में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और ग्राम के वरिष्ठ जनों को सम्मानित कर आशीर्वाद लिया। साथ ही ग्राम विकास की शपथ ली। सभी जनप्रतिनिधियों ने ग्राम विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## वार्षिकोत्सव में पार्षद ने बांटे पुरस्कार

**रायपुर**। कृष्णा इंग्लिश स्कूल बिरगांव के वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में वार्ड के पार्षद संतोष साहू सहित पूर्व पार्षद मीना संतोष साहू, ईश्वर बंजारे उपस्थित हुए। कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर दीनू वर्मा, प्राचार्य नंदलाल शर्मा ने बताया कि स्कूल के बच्चों द्वारा गायन, गीत, नाटक, प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पार्षद द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चों के पालक, नागरिक शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### नवनियुक्त महापौर चौबे को भेंट किया बुके

**रायपुर।** नगर निगम की नवनियुक्त महापौर मीनल चौबे ने निगम मुख्यालय में सोमवार को पंडितों द्वारा स्वस्तिवाचन एवं शंखनाद के साथ पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता दीपक भारद्वाज (पोल्ले) ने श्रीमती चौबे को ओम बना हुआ बुके भेंट कर कहा कि अब रायपुर का सर्वांगीण विकास होगा।

### एनीमिया मुक्त अभियान को गति देने मैदानी ट्रेनिंग



**रायपुर।** देश को एनीमिया मुक्त बनाने चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने के लिए मैदानी अमले को प्रशिक्षित किया जा रहा है। सोमवार को रेडक्रास सोसायटी सभाकक्ष में अंतर्विभागीय टीओटी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग में ब्लॉक स्तर के चिकित्सा अधिकारी, आरएमए, बीईटीओ, बीपीएम, सीडीएम, फार्मासिस्ट, सीएचओ, जेएसए तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्कूल शिक्षा विभाग से टीचर उपस्थित रहे।

### जोन कार्यालय में नवनिर्वाचित पार्षदों की बैठक

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जोन-5 कमिश्नरी कार्यालय में नवनिर्वाचित पार्षदों का परिचय कराने बैठक रखी गई। जोन कार्यालय में कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र सिंह ने जोन के-7 वार्डों के पार्षदों को आमंत्रित कर जोन कार्यालय की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक व्यवस्था से अवगत कराया। उन्हें जोन में पदस्थ निगम अधिकारियों के मोबाइल संपर्क नंबर दिए। बैठक में नवनिर्वाचित पार्षद सुमन पांडे, आशु चंद्रवंशी, सरिता दुबे, कृष्णा सोनकर बब्बी, ममता तिवारी, दुर्गा साहू उपस्थित रहीं।

### दोंदेकला में पंच-सरपंच ने ली शपथ

**रायपुर।** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दोंदेकला के नवनिर्वाचित सरपंच अरविंद सिंह ठाकुर व वार्ड के पंचों ने ग्राम पंचायत भवन में शपथ ली, सभी ने एक स्वर में गांव में बिजली, सड़क व पानी की व्यवस्था, स्वच्छता, नशामुक्त एवं अनुशासित गांव बनाने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक सेवकराम साहू, चरणदास साहू, गजरू चेलक, तुलसी वर्मा, रामअवतार खूंटे, अंजोर दास, रामकुमार कश्यप, भोलाराम चेलक आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

### मोवा मुख्य मार्ग पर लिया सफाई का जायजा

**रायपुर।** जोन-9 क्षेत्र के मोवा मुख्य मार्ग एवं आनंदम सिटी के पास सोमवार को स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की तैयारियों का जायजा अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने लिया। निरीक्षण के दौरान मोवा में गंदगी फैलाते देखे जाने पर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल ठेला जब्त करने की कार्यवाही की। साथ ही शहर को साफ-सुथरा बनाने का आव्हान शहरवासियों से किया है।

### प्रदेश सरकार के बजट में नया कुछ भी नहीं है : संगीता

**गुरूर।** प्रदेश सरकार के बजट में नया कुछ भी नहीं है, पिछले बजट के आंकड़ों में फेरबदल कर नया रूप देकर सब्जबाग दिखाया जा रहा है, जबकि प्रदेश सरकार पिछले बजट की राशि को भी खर्च नहीं कर सकी। सबसे कमजोर स्थिति महिला एवं बाल विकास विभाग की है। उक्त बातें विधायक संगीता सिन्हा ने प्रदेश सरकार द्वारा 3 मार्च को प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कही। संगीता सिन्हा ने कहा कि महतारी वंदन योजना में नए पंजीयन नहीं हो रहे हैं, पोर्टल नहीं खोला। जबकि बीते एक साल में हजारों महिलाएं पात्र हो चुकी हैं। संगीता सिन्हा ने कहा बुजुर्गों को 500 के स्थान पर एक हजार देने की मांग की थी, लेकिन उसका कोई प्रावधान नहीं है।

# सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को बीएसएफ के जवानों ने सीपीआर देकर जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

नया रायपुर में एक युवक तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। रास्ते से गुजर रहे बीएसएफ के जवानों ने अपनी गाड़ी रोक कर युवक को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देकर जान बचाई। युवक को सीपीआर देने के बाद बीएसएफ के जवानों ने घटना की जानकारी डॉयल 112 को दी। डॉयल 112 के पहुंचने में देर होने पर जवानों ने युवक को एंबुलेंस की मदद से एक निजी अस्पतार उपचार के लिए रवाना किया। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना राखी थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने इस संबंध में अब तक किसी भी प्रकार की सूचना नहीं मिलने की बात कही। बीएसएफ जवानों द्वारा युवक को सीपीआर देने का वीडियो वायरल हुआ है।

दोपहर 11 से 12 के बजे के बीच नवा रायपुर के सुनसान रास्ते में एक युवक तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए आ रहा था। इसी दौरान मोड़ के पास बैलेंस बिगड़ने से युवक अपनी बाइक कंट्रोल नहीं कर पाया और वह बाइक सहित डिवाइडर में जाकर टकरा गया। युवक डिवाइडर से टकराकर गिर गया।

**नया रायपुर में तेज रफ्तार बाइक के डिवाइडर से टकराने से युवक हुआ था घायल**





### दिल की धड़कन लौटाने सीपीआर

*जब घटना घटित हुई, उसी समय बीएसएफ के जवान अपनी गाड़ी से नवा रायपुर की तरफ जा रहे थे। जवानों ने अपनी गाड़ी रोकी और युवक के दिल की धड़कन की जांच की। युवक का दिल धड़कना बंद हो गया था। दिल की धड़कन बंद होने पर बीएसएएफ के जवानों ने युवक को मौके पर सीपीआर देकर दिल की धड़कन लौटाने में मदद की। इसके बाद सिर से बह रहे खून को रोकने कपड़े से युवक के सिर को बांधा और एंबुलेंस से उपचार के लिए एक निजी अस्पताल के लिए रवाना किया।*

## एक्टिवान के साथ थियानील भी हो चुका है एक्सपायर, एक अन्य दवा चार माह बाद हो जाएगी कालातीत

# वन्यजीवों को बेहोश करने से लेकर होश में लाने के लिए कालातीत दवाओं का किया जा रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन विभाग के पास वन्यजीवों को बेहोश करने से लेकर होश में लाने की जितनी दवाएं हैं, वो सभी एक्सपायर हो चुकी हैं। एक दवा चार माह बाद एक्सपायर होने वाली है। वन अफसर इस स्थिति के लिए वन्यजीव चिकित्सक को दोषी बता रहे हैं। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2022 के बाद वन्यजीव चिकित्सक ने वन्यजीवों को ट्रैंक्यूलाइज करने के साथ ही होश में लाने वाली दवा ही नहीं मंगाई है। जानकार ऐसे में इसे वन्यजीव धरोहर को नुकसान पहुंचाने वाला कृत्य बताया है। जंगल सफारी के डायरेक्टर धम्मशील गनवीर के मुताबिक स्टॉक में कितनी दवाएं रखी हैं, इसकी विशेषज्ञ से जांच कराई जा रही है। अफसर जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे कार्यवाई करने की बात कह रहे हैं। वन्यजीव चिकित्सक डॉ. राकेश वर्मा के निलंबन तथा उनके खिलाफ पीओआर दर्ज करने के सवाल पर अफसर का कहना है कि हमने डॉक्टर को वन्यजीव से जुड़े सभी कार्यों से मुक्त कर इसकी जानकारी शासन को दे दी है। डॉक्टर के खिलाफ अफसर ने शासन के दिशा निर्देश के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही।

- **वन्यजीव प्रेमियों ने दोषी वन्यजीव चिकित्सक को निलंबित कर पीओआर दर्ज करने मांग की**



बायसन को ट्रैंक्यूलाइज करने मार्फिन की तीन से आठ हजार गुना ज्यादा हैवी डोज दी गई थी

**बायसन को होश में लाने जो दवा दी गई थी वह कालातीत, उसी से मौत, डॉक्टर को नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि लगातार

बेहोश करने और होश में लाने इस दवा की डोज दी गई

पांच और बायसन शिफ्ट किए जाने की थी तैयारी

डॉक्टर को शोकॉज नोटिस

एक्सपायरी दवा से मौत

### यह दवा हो चुकी है कालातीत

वनजीव चिकित्सक की मांग पर वन अफसरों ने दक्षिण अफ्रीका से कैप्टिवान के साथ ही एक्टिवान तथा थियानील ट्रैक्सोनील कांबो पैक दवा का आर्डर किए थे। उक्त दवा को दक्षिण अफ्रीका के वाइल्ड लाइफ फार्मास्यूटिक्लस कंपनी से तीनों दवाओं की एक दिसंबर 2022 को डिलीवरी दी गई थी। इनमें थियानील ट्रैक्सोनील अगस्त 2024 में तथा एक्टिवान मार्च 2024 में कालातीत हो चुकी है। कैप्टिवान जुलाई 2025 में एक्सपायरी होने जा रही है। ये तीनों दवाएं वन्यजीवों को ट्रैंक्यूलाइज करने के साथ होश में लाने की दवाएं हैं।

### दो वेटनरी डॉक्टरों की टीम कर रही जांच

वन्यजीव अफसरों के मुताबिक दवाओं की जांच करने वेटनरी के एडिशनल डायरेक्टर ने दो डॉक्टर दवाओं की जांच करने जंगल सफारी भेजा है। डॉक्टरों की टीम द्वारा दवाओं की जांच करने के बाद पता चल पाएगा कि वन्यजीवों के लिए रखी कितनी दवाएं कालातीत हो चुकी हैं।

### पीओआर दर्ज करने की तैयारी

*सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविषा समाजदार के अनुसार बायसन की मौत की घटना गंभीर है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसके लिए एक्सपर्ट की राय ली जा रही है। डॉक्टर ने प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है। उनके खिलाफ सख्ती कार्रवाई की जाएगी। डॉक्टर के खिलाफ पीओआर दर्ज करने के सवाल पर वन अफसर का कहना है कि एक्सपर्ट की राय लेने के बाद डॉक्टर के खिलाफ पीओआर दर्ज की जाएगी।*

### दवा मंगाने की प्रक्रिया जटिल

*वन्यजीवों को एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट करने के साथ ही गले में कॉलर आईडी लगाने तथा घायल वन्यजीवों को रेस्क्यू करने के समय ट्रैंक्यूलाइज करना पड़ता है। इसके लिए बेहोशी तथा होश में लाने के लिए ट्रैंक्यूलाइज गन से डॉट देना पड़ता है। इन दवाओं को दक्षिण अफ्रीका से मंगाने नारकोटिक्स डिपामर्टमेंट के कमिश्नर की अनुमति लेने के साथ ही कस्टम क्लीयरेंस कराने के साथ ही कई तरह की अनुमति लेनी पड़ती है। प्रक्रिया पूरी करने में पांच से छह माह का समय लग जाता है।*

# युवाओं को मिलेगा राज्य विधानसभा व देश की संसद में बोलने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 18 से 25 आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी माय भारत पोर्टल के माध्यम से 9 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। जिला नोडल अधिकारी जितेन्द्र बारले ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन के बाद 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा जिसका विषयः आपकी दृष्टि में विकसित भारत का क्या अर्थ है।

- **विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लेने 9 मार्च तक कर सकते हैं**

इसमें प्राप्त वीडियो में से जिला स्तर पर 150 उत्कृष्ट वीडियो का चयन कर जिला नोडल स्तर पर एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर विचार रखने आमंत्रित किया जाएगा। इनमें से 10 विजेताओं का चयन राज्य स्तर के लिए निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। राज्य स्तर पर इसी तरह 3 प्रतिभागी चयन कर राष्ट्रीय स्तर पर संसद में विचार रखने के लिए अवसर प्रदान किया जाएगा। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी युवाओं को जो 18 से 25 उम्र के है,माय भारत पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कर वीडियो प्रेषित करने का प्रेरित किए हैं। जिला संगठक बेमेतरा ने सभी शा स की य / अ शा स की य महाविद्यालय को युवा संसद में भाग लेने जैसे अवसर को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। विश्वविद्यालय द्वारा सभी महाविद्यालय की मीटिंग लेकर युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम के लिए जिला नोडल महाविद्यालय के रुप में शासकीय पीजी कॉलेज बेमेतरा का चयन किया गया है। जिसमें बेमेतरा और कबीरधाम जिले के युवा रजिस्ट्रेशन कर सकते है। पीजी कॉलेज बेमेतरा के प्राचार्य डॉ वीणा त्रिपाठी ने अधिक से अधिक युवाओं को शामिल होने और संसद में प्रतिनिधित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किए है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 9 मार्च तक निर्धारित है। प्रोफेसर डीआर साहू द्वारा महाविद्यालय स्तर पर सभी विभागों को अपने विद्यार्थियो को वीडियो बनाकर भेजने के लिए प्रेरित किया गया है। नेहरू युवा केंद्र से नितिन शर्मा जी बेमेतरा कबीरधाम जिले में कार्यक्रम आयोजित करने में भरपूर सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# सीएम साय के सुशासन में लोगों को मिल रहा किफायती दर पर आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में सभी के लिए आवास के तहत किफायती दरों पर घर उपलब्ध कराने वनटाइम सेटलमेंट योजना 2 का शुभारंभ छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कर दिया गया है। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने भवनों की लागत मूल्य पर 10, 20 तथा 30 प्रतिशत तक छूट की योजना तैयार की गई थी जिसे 20 जनवरी 2025 को मंत्रिमंडल से हरी झंडी मिल गई थी, परंतु आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण योजना को तब शुरू नहीं किया जा सका था। श्री चौधरी के प्रयासों से यह वनटाइम सेटलमेंट योजना-2, 1 मार्च 2025 से शुरू कर दी गई है, जिसके तहत राज्यभर में स्थित आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों में भारी छूट दी जा रही है। इस योजना से लोगों को अपने सपनों का घर प्राप्त करने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। आवास एवं पर्यावरण विभाग सचिव सह छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अंकित आनंद (आईएएस) ने बताया कि मंडल की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें सभी वर्ग के लोगों के लिए किफायती दरों पर घर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। हमने मंडल द्वारा निर्मित आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों के लागत मूल्य पर 30 प्रतिशत तक छूट दी है, ताकि एक परिवार अपने सपनों का आशियाना बहुत ही सामान्य एवं किफायती दाम पर ले सके।

- **आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने किया वन टाइम सेटलमेंट योजना 2 का शुभारंभ**



### 56 भवनों की बुकिंग आ चुकी है

मंडल आयुक्त कुंदन कुमार (आईएएस) ने बताया कि इस योजना को लॉन्च करते ही हमें लोगों का शानदार प्रतिसाद मिला है। मात्र 2 दिनों में हमें लगभग 8 करोड़ के 56 भवनों की बुकिंग आ चुकी है, जो कि एक रिकॉर्ड है। इतनी बुकिंग हमें छुट्टियों के दिनों में प्राप्त हुई है। हमने बुकिंग सिस्टम पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन रखा है, जहां हितग्राही घर बैठे मंडल की वेबसाइट पर लॉग-इन कर भवन आसानी से बुक कर सकते हैं। इन दो दिनों में मंडल के टोल फ्री 18001216313 तथा अधिकारियों/ कर्मचारियों के नंबर्स पर 900 से 1000 क्वेरीज भी आ चुकी है। यह योजना छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख स्थानों जैसे, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर, धमतरी, दंतेवाड़ा, राजनांदगांव, कवर्धा, नवा रायपुर अटलनगर, आरंग, महासमुंद, अंबिकापुर, जशपुर, रायगढ़, कोरबा और अन्य प्रमुख शहरों में लागू है।

# खत्म होगी दूसरे राज्यों पर निर्भरता, जांच क्षमता दोगुनी और सही समय पर मिलेगी फूड-ड्रग सैंपल की रिपोर्ट

## नवा रायपुर में बनेगी इंटीग्रेटेड खाद्य एवं परीक्षणशाला, 45 करोड़ का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मल्टीविटामिन, प्रोटीन, मसाले, तेल सहित कई तरह की जांच के लिए दूसरे राज्यों पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की निर्भरता खत्म हो जाएगी। इसके अलावा त्योहारी सीजन में लिए जाने वाले खाद्य सैंपलों की रिपोर्ट सही समय पर मिलने से कार्रवाई की प्रक्रिया ढीली नहीं होगी। जांच की क्षमता दोगुनी होने से निरीक्षक ज्यादा से ज्यादा इलाकों में जाकर अपनी जांच पूरी कर पाएंगे।

- **दूध एवं उससे बनने वाले पनीर सहित अन्य उत्पादों की**

राज्य शासन इंटीग्रेटेड खाद्य एवं परीक्षणशाला बनाने के लिए 45 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है। यह लैब नवा रायपुर में बनाया जाएगा, जिससे विभागीय टीम अपनी दोगुनी क्षमता के साथ काम कर पाएगी। वर्तमान में खाद्य एवं औषधि प्रशासन का लैब छोटी जगह पर संचालित होता है, जहां जांच की क्षमता भी सीमित है। प्रदेशभर से आने वाले सैंपलों की जांच की जिम्मेदारी होती है। त्योहारी सीजन अथवा किसी अभियान के दौरान जब विभिन्न जिलों से सैंपल लैब पहुंचते हैं, तो वहां पेंडेंसी बढ़ जाती है और जांच के बाद रिपोर्ट जब तक मिलती है तब तक त्योहार को बीते कई महीने हो जाते हैं। इसके अलावा कई तरह की जांच के लिए टीम को दूसरे राज्यों पर निर्भर होना पड़ता है। खासकर संवेदनशील मामलों में रिपोर्ट का इंतजार लंबा होने की वजह से जांच प्रभावित होती है। नया लैब बनने के बाद इस तरह की तमाम समस्याओं का समाधान हो जाएगा। नवा रायपुर में स्थापित होने वाला लैब बड़ा होगा, नए उपकरण से जांच क्षमता भी दोगुनी हो जाएगी और संबंधित अधिकारी को भेजे गए सैंपलों की रिपोर्ट भी सही समय पर मिल जाएगी।



### लग जाता है महीनाभर

खाद्य अथवा औषधि प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के बाद लिए गए सैंपल जांच के लिए भेजे जाते हैं। इनकी रिपोर्ट आने में पंद्रह से महीनेभर का वक्त लग जाता है। पिछले दिनों राजधानी में पकड़े गए पनीर और कबीरधाम में पत्थर का चूरा मिले मिलावटी गुड़ की जांच सैंपल रिपोर्ट के इंतजार में अटकी रही है। बाद में दोनों मामले रिपोर्ट अमानक मिलने पर प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### विश्वस्तरीय जांच की सुविधा, मध्यभारत में सबसे बड़ा

नवा रायपुर में 45 करोड़ की लागत से बनाया जाने वाला इंटीग्रेटेड लैबोरिटी विश्वस्तरीय होगा। यह मध्य भारत का सबसे बड़ा प्रयोगशाला होगा जहां तमाम तरह की जांच की सुविधाएं होंगी। दोगुनी गति से यहां जांच होने पर मैदानी अमला ज्यादा से ज्यादा इलाके में जाकर अपना टास्क पूरा कर पाएगा। इससे आम लोगों को गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ एवं औषधि उपलब्ध कराने में मदद मिल पाएगी।

### इस तरह जांच हो पाएगी

- दूध एवं उससे बनने वाले पनीर सहित अन्य उत्पादों की माइक्रोबायोलॉजिकल जांच
- खाद्य पदार्थों में मिलने पेस्टी साइड, हैवी मेटल सहित अन्य तरह की टेस्टिंग
- दवाओं से संबंधित सभी श्रेणी की जांच, माइक्रोबायोलॉजिकल टेस्ट
- कास्मेटिक सामग्री के साथ चिकित्सकीय उपकरणों की पूर्ण जांच

## पेज 11 के शेष

### जिले की 4 में से 3 जनपद ...

क्रमांक 07 मुरता से सदस्य बने खोरबहरा साहू अध्यक्ष एवं क्षेत्र क्रमांक 19 कुंरा से सदस्य माया हीरा बारले उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। दोनों भाजपा समर्थित हैं जो कि निर्विरोध चुने गए। बेमेतरा जनपद पंचायत में एससी आरक्षित था जिसमें भाजपा समर्थित जनपद सदस्य हेमा दिवाकर ने अध्यक्ष पद पर दावेदारी पेश की थी, जिससे वे निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गईं। परंतु बेमेतरा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पद पर कांटे की टक्कर में टॉस से कांग्रेस के मिथलेश वर्मा की जीत सुनिश्चित हुई।

### साजा जनपद के 60 वर्षों के ...

उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस समर्थित खैरझिटी वाले डाकवर पटेल को करीब 03 मतों से हराया। विदित हो कि नारद पटेल वर्तमान में भाजपा परपोड़ी-देवकर मण्डल के अध्यक्ष हैं।

### आम जनता और कर्मचारियों ...

लीटर की कमी एक और बड़ी राहत है। यह कदम महंगाई के इस दौर में आम आदमी के खर्च को थोड़ा हल्का करेगा। साथ ही, छोटे व्यवसायियों के लिए ई-वे बिल की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने का निर्णय व्यापार करने में आसानी लाएगा। 10 साल से अधिक पुराने वैट, सीएसटी और प्रवेश कर के मामलों में 25 हजार रुपये तक की बकाया राशि माफ करने का फैसला छोटे व्यापारियों के लिए एक बड़ी राहत की बात है।

इस बजट में किए गए प्रावधान निश्चित रूप से राज्य के आर्थिक विकास और जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यह बजट छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है।

### कक्षा 12वीं के 8125 में ...

किया गया। इसी तरह डॉ पुष्पराज खटकर के द्वारा परीक्षा केंद्र छिरहा, प्रतापपुर, गाड़ामोर, बालक नवागढ़, कन्या नवागढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसी तरह जीपी गोड़ के द्वारा परीक्षा केंद्र पदुमसरा, खाती, परीक्षा केन्द्र बालक दाढ़ी, कन्या दाढ़ी, ओड़िया, सेजेस राठी परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों के केंद्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के किसी भी परीक्षा केंद्र से नकल का कोई भी प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। तथा परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रहा है।


# प्रदेश के कर्मचारियों को भी अब केंद्र के समान मिलेगा 53 प्रतिशत डीए, बजट में किया प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारियों को भी अब केंद्र कर्मचारियों के समान डीए मिलेगा। प्रदेश के कर्मचारियों को इससे पहले 50 प्रतिशत डीए दिया जाता था, जिसमें राज्य सरकार ने 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। इस तरह अब राज्य के कर्मचारियों को भी केंद्र की भांति 53 प्रतिशत डीए मिलेगा। हालांकि यह डीए नए वित्तीय वर्ष 2025-2026 से मिलेगा। इस तरह बढ़ा हुआ डीए अप्रैल माह के वेतन से जुड़कर मिलेगा। इधर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश तिवारी ने केंद्र के समान डीए करने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के कर्मचारियों द्वारा केंद्र के समान डीए की शासन से लगातार मांग की जा रही थी। यह मांग अब पूरी हुई है। इसके लिए उन्होंने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नेवारीकला में निकाली गई शोभायात्रा

**लाटाबोड़।** ग्राम नेवारीकला में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आठवें दिन कथा वाचिका गीतांजलि शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण के 16108 विवाह की कथा बताई। इसके साथ ही बाणासूर उद्धार, सुदामा चरित्र तथा परिक्षित मोक्ष की कथा सुनाई। उसके बाद भागवत भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### शिकसा महोत्सव 9 मार्च को

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय पारिवारिक वार्षिक सम्मेलन का आयोजन शिकसा महोत्सव 2025 के रूप में 9 मार्च को भारती विश्वविद्यालय पुलगांव चौक दुर्ग में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने बताया कि कार्यक्रम में साहित्य संकलन मैं शिक्षक हूं व वार्षिक कैलेन्डर का विमोचन किया जाएगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, द्वार सजाओ रंगोली प्रतियोगिता के साथ ही पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह भी रखा गया है।

### कबाड़ी से सांठगांठ आरक्षक सस्पेंड

**भिलाई।** शहर के कुख्यात कबाड़ी आर्य नगर कोहका निवासी ललित साहू और प्रेम साहू से लगातार वाट्सअप कॉलिंग पर बातचीत के मामले में एसीसीयू के आरक्षक रिंकू सोनी को एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने गंभीरता से लेते हुए सस्पेंड कर दिया है। आरक्षक रिंकू सोनी क्राइम ब्रांच में पदस्थ था,वह शहर के शातिर कुख्यात कबड्डी ललित साहू और प्रेम साहू से लगातार मोबाइल और व्हाट्सएप पर बातचीत कर रहा था। अपराधियों से इस प्रकार की नजदीकी को संदिग्ध आचरण मानते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्लोा ने यह कार्रवाई की। कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस अफसरों के मुताबिक जांच किया जा रहा है कि आरक्षक रिंकू सोनी ने अपराधियों को किसी प्रकार की गोपनीय सूचना को लीक तो नहीं किया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। आरक्षक पर कार्रवाई पुलिस प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अगर कोई भी पुलिसकर्मी संदिग्ध तत्वों से संबंध रखता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं अन्य युवक को गंभीर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम नवघटा थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीर धाम निवासी यशवंत साहू 28 वर्ष रोजी मजदूरी का काम करता है। शिकायत किया कि 2 मार्च को उसका भाई गिरवर साहू अपनी बाइक में दोस्त सियाराम निषाद को पीछे बैठाकर अकलवारा से देवकर धमधा मुख्य मार्ग होकर रायपुर जा रहा था।

## उद्घाटन : मुख्य न्यायाधिपति, न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने किया शिलान्यास

# तहसील साजा में 751.75 लाख की लागत से बनेगा नवीन व्यवहार न्यायालय भवन





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**


तहसील साजा में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन व शिलान्यास किया गया। 751.75 लाख के लागत से बनने वाले इस नवीन भवन का निर्माण ग्राम डोंगीतराई, साजा, जिला-बेमेतरा में हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार व्यास, पोर्टफोलियो जज, जिला न्यायालय, बेमेतरा उपस्थित रहे।

चीफ जस्टिस श्री सिन्हा द्वारा वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में अच्छे सर्व सुविधायुक्त न्यायालय भवन उपलब्ध कराना है, जिसके चलते राज्य सरकार के सहयोग से एक और कदम आगे बढ़ाते हुए तहसील साजा व्यवहार न्यायालय का भूमि पूजन व शिलान्यास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा गया कि लोक निर्माण विभाग एक वर्ष की समय-सीमा में इतना अच्छा व गुणवत्ता युक्त भवन तैयार करें जिससे भविष्य में लोगों को लम्बे समय तक यह भवन याद रहे। नवनिर्मित भवन सभी प्रकार की सुविधा से सुसज्जित होना चाहिए, जिससे यहां आने वाले पक्षकारों, अधिवक्तागण को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होनें कहां कि भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन पहली सीढ़ी है नवीन भवन बन जाने के बाद व्यवहार न्यायालय के अधिकारी व कर्मचारीगण की कार्य क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश को भी यह कर्तव्य निभाना होगा कि भवन निर्माण के पश्चात उसकी साफ-सफाई व आने वाले पक्षकारों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं मिलती रहें। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार, न्यायाधीश कुटुम्ब नीलिमा सिंह बघेल, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ प्रणीश चौबे बेमेतरा साजा अध्यक्ष अधिवक्ता संघ मूलचन्द्र शर्मा सहित अधिवक्ता,न्यायालय के कर्मचारी गणमान्य नागरिक मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला बेमेतरा के प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार ने आभार प्रदर्शित करते हुए अतिथिगण एवं समस्त अधिकारीगण का धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम का संचालन निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी ने भी समय से पहले अच्छी गुणवत्ता युक्त निर्माण सामग्री का उपयोग कर इस भवन का निर्माण पूरा करने की बात कहीं।

### मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में जिले में चौथा कार्यक्रम

कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा गया कि मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में जिला बेमेतरा में यह चौथा कार्यक्रम संपन्न हुआ है। मुख्य न्यायाधिपति के बेमेतरा जिले के भ्रमण के उपरांत ही जिला न्यायालय नवीन भवन बेमेतरा, न्यायालयीन कर्मचारी आवासीय परिसर सिंघौरी, परिवार न्यायालय नवीन भवन बेमेतरा के पश्चात वर्ष 2009 से प्रारंभ व्यवहार न्यायालय तहसील साजा के नवीन भवन का निर्माण होना अपेक्षित था, जो मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं बेमेतरा जिले के पोर्टफोलियो जज न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार व्यास के आतिथ्य से सम्पन्न हुआ है। उनके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व समस्त सभाजनों का अभिवादन किया गया।

# अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 50 शिक्षकों को किया जाएगा सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा में डब्ल्युपीसी (वर्ल्ड पावर चैंपियनशिप) के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे साथ सार्थक चर्चा की गई। चर्चा के दौरान डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि जिले के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों जिन्होंने डब्ल्युपीसी के साथ मिलकर विद्यालय में अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट कार्य किया उनका चयन करके जिले स्तर पर 50 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। जिसकी सूची डब्ल्युपीसी ग्रुप के द्वारा तैयार किया जाएगा। जिले के लगभग 800 प्राथमिक शिक्षकों ने डब्ल्युपीसी हेतु रजिस्ट्रेशन किया है। वे अपने विद्यालय के बच्चों को इस चैंपियनशिप के लिए तैयार कर रहे हैं। अंग्रेज भाषा की प्रतियोगिता है वर्ल्ड पावर चैंपियनशिप

वर्ल्ड पावर चैंपियनशिप के बारे में बताते हुए डाइट बेमेतरा की व्याख्याता श्रद्धा तिवारी ने कहा कि वर्ल्ड पावर चैंपियनशिप एक अंग्रेज़ी प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता, क्षेत्रीय भाषाई स्कूलों के छात्रों के लिए आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता का मकसद, छात्रों को अपनी अंग्रेज़ी दक्षता दिखाने का मौका देना है।

यह प्रतियोगिता, लीप फ़ॉर वर्ड और मैरिको नामक संस्था आयोजित करती है। यह प्रतियोगिता, हर साल आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता में, छात्र अपनी अंग्रेज़ी दक्षता दिखाते हैं। इस प्रतियोगिता में, छात्रों के शिक्षकों और स्कूलों को भी पुरस्कार दिए जाते हैं। इस प्रतियोगिता में, छात्रों के लिए पुरस्कार के तौर पर चैंपियन ट्रॉफ़ी, सर्टिफ़िकेट, गोल्ड मैडल, साइकिल, स्कूल बैग, टिफ़िन बॉक्स, वॉटर बॉटल वगैरह दिए जाते हैं। इस प्रतियोगिता से, शिक्षकों और छात्रों में अंग्रेज़ी भाषा के प्रति उत्साह और उद्देश्य की भावना विकसित होती है। बैठक में डब्ल्युपीसी से राहुल मनकर, सोहेब शेख, मानसी तथा स्वप्निल मराथे शामिल हुए तथा डाइट से व्याख्याता श्रद्धा तिवारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक परियोजना अधिकारी एपीसी भूपेंद्र साहू सम्मिलित हुए।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के भव्य आयोजन को लेकर मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित थी। जबकि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल ने आयोजन की रूपरेखा पर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।

- कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सीईओ ने अधिकारियों से की विस्तृत चर्चा
- बेमेतरा स्थित टाउन हाल में होगा कार्यक्रम

बैठक में महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता जागरूकता और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी। 8 मार्च को जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में विविध गतिविधियों के साथ साथ महिला सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा । कार्यक्रम बेमेतरा स्थित टाउन हाल में किया जाना है। जिसमें विभिन्न विभागों, महिला बाल विकास विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाली एक महिला अधिकारी/कर्मचारी उत्कृष्ठ कार्य करने वाली और इसके अतिरिक्त नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर महिला स्वच्छग्राही समूह एव प्रेरक, सफाई कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन को भी सम्मानित किया जाएगा है। जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग चंद्र शेखर शिवहरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चंद्रवेश सिंह सिसोदिया, उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना एवं उप संचालक समाज कल्याण बरखा कासू सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें स्वच्छता अभियान, महिलाओं के लिए जागरूकता सत्र, सम्मान समारोह और प्रेरणादायक वक्तव्य शामिल हैं। इस बैठक में समस्त विभागों की सहभागिता से एक प्रभावी एवं जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया, जिससे समाज में महिलाओं की भूमिका को और सशक्त किया जा सके।

**दिव्यांग और सामान्य छात्र साथ में शिक्षा प्राप्त कर सके, यही है इसका उद्देश्य**

# समावेशी शिक्षा के तहत वातावरण निर्माण के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

जिला मुख्याल स्थित बीआरसी भवन में समावेशी शिक्षा वातावरण निर्माण अंतर्गत दो दिवस प्रशिक्षण रखा गया। इसमें बेमेतरा विकासखंड के शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा एवं वंदना से हुआ।

बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में समावेशी शिक्षा के उद्देशयों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षण देना है। एक सामान्य छात्र एक दिव्यांग छात्र के साथ एक विद्यालय की एक ही छत के नीचे समान रूप से शिक्षा प्राप्त करें। वह शिक्षा के साथ-साथ अपनी भावनाओं इच्छाओं व अनुभव को अपनी कक्षा के सभी बच्चों के साथ समान रूप से साझा करें। समावेशी शिक्षा विशेष विद्यालय कक्षा को स्वीकार नहीं करता तथा दिव्यांग बच्चों को प्रत्येक शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने का पूर्ण अधिकार है।



दिव्यांगता से परिचय के अर्थ समझाया मास्टर ट्रेनर मंजू साहू व ज्योति बनाफर ने प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनर मंजू साहू ने समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण में दिव्यांगता को पहचानने हेतु विभिन्न प्रश्नावली के माध्यम से 21प्रकार के दिव्यांगता के प्रकार को समझाया। पूर्ण दृष्टिहीन, श्रवण बाधित, मुकबाधित, स्वलीनता बौद्धिक निःशक्तता, मानसिक बीमारी तेजाब हमला पीड़ित बौनापन सिकल सेल कुष्ठ रोग इत्यादि के बारे में विस्तार से समझाया गया ।साथ ही दिव्यांग बच्चों हेतु विकासखंड संसाधन स्त्रोत केंद्र का परिचय एवं उनकी विशेषताएं एवं व्यवस्था, संसाधन स्त्रोत केंद्र पर नियुक्त कार्मिक एवं दिव्यांग बच्चों को परीक्षा क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 21 प्रकार की दिव्यांग हेतु दिए गए प्रावधान के बारे में बताया गया। मास्टर ट्रेनर ज्योति बनाफर ने समावेशी शिक्षा के अर्थ परिभाषा महत्व के साथ निशक्तजन अधिकार 2016 के अनुसार 21 दिव्यांगता से परिचय के अर्थ समझाया गया।

### सांकेतिक भाषा तथा ब्रेल लिपी प्रशिक्षण

नोडल अधिकारी रजनी देवांगन ने दिव्यांग बच्चों से संबंधित कक्षा कक्ष में किए जाने वाले प्रायोगिक कार्य को करके दिखाया एवं सांकेतिक भाषा तथा ब्रेल लिपी प्रशिक्षण के बारे में बहुत ही विस्तार के साथ बताया तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिव्यांगों हेतु संचालित महाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया प्रशिक्षण के समापन पर एपीसी धनंजय शर्मा ने समावेशी शिक्षा पर सकारात्मक पहल एवं प्रशिक्षण को सार्थक बनाने के लिए प्रेरित किया आभार बीआरपी रजनी देवांगन ने किया तथा प्रशिक्षण के दोनों दिवस में बेमेतरा विकासखंड के प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के 129 शिक्षकों ने प्रशिक्षण उत्साह पूर्वक एवं परिचर्चा - चर्चा के माध्यम से प्रशिक्षण लिया।

# नारायणपुर में नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों ने ली शपथ



**बेमेतरा/नारायणपुर।** ग्राम पंचायत नारायणपुर में नवनिर्वाचित सरपंच एवं 13 वार्ड के पंचों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच बिसाहू राम साहू का लोगों ने स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच ने ग्रामीणों को इस बात का विश्वास दिलाया कि वे उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने की कोशिश करेंगे। सभी पंचों को जीत की बधाई देते हुए एक साथ मिलकर ग्राम की शांति एवं विकास के लिए कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच बिसाहू राम साहू, सचिव अर्जून डिडोरे, रोजगार सहायक मनीष तिवारी, पंचगण अश्विनी चेलकर, गंगा यादव, सीमा ध्रुव, राममूर्ति ध्रुव, कुसुम साहू,अनीता मानिकपुरी, मुकेश विश्वकर्मा, देवेंद्र साहू, टीकाराम साहू, सरिता साहू, गुलापा साहू, भागीरथी साहू, सुरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जल संरक्षण को लेकर सीईओ ने दिए निर्देश



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

जिला जल शक्ति केंद्र में जल संरक्षण और जलस्तर बनाए रखने को लेकर एक अंतरविभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों में खराब बोरवेल के आसपास रिचार्ज पिट्स (सोख्ता गड्ढे) बनाने के निर्देश दिए, जिससे ग्रीष्म ऋतु में जल स्त्रोतों का जलस्तर बना रहे और पानी की समस्या न हो। बैठक में जल संरक्षण में जनभागीदारी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया और सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग चंद्र शेखर शिवहरे, मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जगदीश गोड़न, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चंद्रवेश सिंह सिसोदिया, उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना एवं उप संचालक समाज कल्याण बरखा कासू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिया शाला में वर्मा दंपति ने दिया न्योता भोज



**बेमेतरा।** ग्राम जिया के शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक विद्यालय में सामूहिक न्योता भोज का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय की शिक्षिका वंदना वर्मा एवं उनके परिवार द्वारा उनके प्रथम पुत्ररत्न की प्राप्ति के उपलक्ष्य में किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को स्वादिष्ट खीर- पूड़ी, भजिया, केला, चावल, दाल एवं सब्जी परोसी गई। जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। संकुल प्राचार्य राजकुमार टंडन ने वर्मा दंपत्ति को बधाई देते हुए नवजात शिशु के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। प्रधान पाठक कार्तिक राम दिवाकर, कनक टंडन, संतराम साहू सहित विद्यालय का संपूर्ण शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
25 मार्च से 03 अप्रैल, 08 अप्रैल से 17 अप्रैल, 06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक: 16 मार्च 2025, 09 अप्रैल 2025, 08 मई 2025, 04 जून 2025, 11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport